DAY —— **05** SEAT NUMBER | | | | | |

| 2024 | VII | 22 | 1100 | **J-143** | (H) |
|---|---|---|---|---|---|

# SECRETARIAL PRACTICE (52)

**Time : 3 Hrs.** **(4 Pages)** **Max. Marks : 80**

***सूचनाएँ :*** *(१) सभी प्रश्न हल करना अनिवार्य हैं।*

*(२) दाहिनी ओर के अंक प्रश्नों के पूर्ण गुण दर्शाते हैं।*

*(३) बायीं ओर दिए गए अंक प्रश्न क्रमांक दर्शाते हैं।*

*(४) प्रत्येक प्रश्न का उत्तर नए पृष्ठ से आरंभ कीजिए।*

**प्र. १.** **(अ)** निम्नलिखित प्रत्येक विधान के लिए केवल 'एक' उचित शब्द / संज्ञा / वाक्यांश लिखिए : (५) **[२०]**

(१) वे अंशधारक जो कंपनी के 'वास्तविक स्वामी' होते हैं।

(२) वैधानिक व्यवस्थाओं के अनुसार किया जाने वाला अंश हस्तांतरण।

(३) इलेक्ट्रॉनिक स्वरूप में प्रतिभूतियों को सुरक्षित रखने वाली संस्था।

(४) कंपनी के अंशधारकों को उनके विनियोग पर मिलने वाला प्रतिफल।

(५) वह बाजार जो दीर्घावधि के लिए कोषों की पूर्ति करता है।

**(ब)** निम्नलिखित विधान सत्य हैं अथवा असत्य हैं लिखिए : (५)

(१) समता अंशधारकों को निश्चित दर से लाभांश प्राप्त होता है।

(२) ऋणपत्रधारकों को ब्याज का भुगतान किया जाता है।

(३) निक्षेप विवरणी प्रतिवर्ष ३१ मार्च के पहले प्रस्तुत करना आवश्यक है।

(४) इलेक्ट्रॉनिक स्वरूप में प्रतिभूति धारण करना जोखिमपूर्ण होता है।

(५) एक बार घोषित करने के बाद लाभांश रद्द नहीं किया जा सकता।

**( क )** सही पर्याय चुनकर कोष्ठक पूर्ण कीजिए : (५)

| 'अ' गुट | 'ब' गुट |
|---|---|
| (अ) चल पूँजी | (१) ------------ |
| (ब) ------------ | (२) कर्मचारी अंश विकल्प योजना (ESOS) |
| (क) भारत की पहली डिपॉजिटरी | (३) ------------ |
| (ड) ------------ | (४) डिमटेरियलाइजेशन |
| (इ) सेबी | (५) ------------ |

(स्थायी कर्मचारियों को अंश निर्गमन, परिवाही पूँजी, पूँजी बाजार का नियामक, भौतिक स्वरूप से अभौतिक स्वरूप में, एन.एस.डी.एल. (NSDL))

**( ड )** निम्न दिए गए पर्यायों में से उचित पर्याय चुनकर वाक्यों को पूर्ण करके पुनः लिखिए: (५)

(१) लाभांश ---- अंशधारकों को सबसे पहले दिया जाता है।

(अ) समता (ब) पूर्वाधिकार

(क) स्थगित

(२) वाणिज्यिक बैंक द्वारा स्वीकार किए जाने वाले व्यापारिक पत्र को ---- कहते हैं।

(अ) कोषागार बिल (ब) व्यावसायिक विपत्र

(क) व्यापारिक साख पत्र

(३) डिमेटीकृत अंश ---- होते हैं।

(अ) अहस्तांतरणीय (ब) फंगिबल

(क) वाहक

(४) अंशों के मूल्य में कमी होने वाली है ऐसा अनुमान लगाने वाले व्यक्ति को ---- कहते हैं।

(अ) तेजीवाला (तेजड़िया) (ब) मंदीवाला (मंदड़िया)

(क) आढतिया

(५) ---- लाभांश की घोषणा अंतर्नियमों में दिए गए नियमों के अनुसार ही की जानी चाहिए।

(अ) अंतरिम (ब) अंतिम

(क) बोनस

**प्र. २. निम्नलिखित संज्ञाएँ/ अवधारणाएँ स्पष्ट कीजिए ( कोई <u>चार</u> ) :** [ ८ ]

(१) लाभ का पुनर्विनियोग

(२) अधिकार अंश

(३) ऋणपत्र विश्वस्त संलेख (Debenture Trust Deed)

(४) सुरक्षित निक्षेप (जमा)

(५) निक्षेपकर्ता (जमाकर्ता)

(६) दलाल (Broker)

**प्र. ३. निम्नलिखित घटनाओं एवं परिस्थितियों का अध्ययन करके अपना मत स्पष्ट कीजिए (कोई <u>दो</u> ) :** [ ६ ]

(१) अनुष्का लि. कंपनी की १० करोड़ रुपए की पूँजी ऋणपत्रों के निर्गमन द्वारा प्राप्त करने की योजना है। संचालक मंडल को कुछ मुद्दों के संबंध में समस्या तथा शंका है। कृपया उन्हें सलाह दीजिए :

(अ) क्या कंपनी परिवर्तनीय ऋणपत्रों का निर्गमन कर सकती है?

(ब) कंपनी ने अपने सदस्यों को ऋणपत्र प्रदान किए हों तो क्या ऐसे ऋणपत्रों पर सामान्य मतदान का अधिकार प्राप्त होगा?

(क) ऋणपत्रों का निर्गमन करके कंपनी को जो पूँजी प्राप्त होगी उसे स्व:पूँजी कहेंगे या उधार पूँजी?

(२) अ ब एंड कंपनी लिमिटेड सार्वजनिक निक्षेप स्वीकार करने के संबंध में कंपनी अधिनियम २०१३ के अनुसार योग्य सार्वजनिक कंपनी है:

(अ) क्या कंपनी संयुक्त नाम से जमा / निक्षेप स्वीकार कर सकती है?

(ब) क्या कंपनी अपने सदस्यों द्वारा जमा स्वीकार कर सकती है?

(क) क्या कंपनी सुरक्षित निक्षेप स्वीकृत कर सकती है?

(३) श्री आरजे ने विराज कं. लि. के १०० अंश डिमैट पद्धति के अंतर्गत धारण किए हैं:

(अ) उन्हें अपनी पत्नी, लड़की / बेटी और बेटे को, प्रत्येक को एक अंश हस्तांतरित करना है तो क्या वे ऐसा कर सकते हैं?

(ब) क्या उन्हें अंश हस्तांतरण करने के लिए DRF (Demat Request Form) अथवा DIS (Delivery Instruction Slip) प्रस्तुत करने की आवश्यकता है?

(क) क्या वे अपने डिमैट खाते में अपनी पत्नी को नामांकित (Nominee) कर सकते हैं?

**प्र. ४. निम्नलिखित में अंतर स्पष्ट कीजिए ( कोई तीन ) :** [ १२ ]

(१) स्वामित्व पूँजी तथा ऋण पूँजी

(२) प्रारंभिक सार्वजनिक प्रस्ताव तथा पश्चात / बाद का सार्वजनिक प्रस्ताव

(३) अंतरिम लाभांश तथा अंतिम लाभांश

(४) प्राथमिक बाजार तथा द्‌वितीयक बाजार

**प्र. ५. निम्नलिखित प्रश्नों के संक्षेप में उत्तर लिखिए ( कोई दो ) :** [ ८ ]

(१) बंधपत्र (बॉण्ड्‌स) की विशेषताएँ लिखिए।

(२) जमा / निक्षेप की स्वीकृति से संबंधित कोई चार शर्तें / नियम लिखिए।

(३) डिपॉजिटरी पद्‌धति के एक घटक के रूप में डिपॉजिटरी पार्टिसिपेंट (डी.पी.) स्पष्ट कीजिए।

**प्र. ६. निम्नलिखित विधान कारण सहित स्पष्ट कीजिए ( कोई दो ) :** [ ८ ]

(१) समता अंशधारक कंपनी के वास्तविक स्वामी और नियंत्रक होते हैं।

(२) सार्वजनिक कंपनी का अंशधारक अपने अंशों का हस्तांतरण कर सकता है।

(३) कंपनी अदत्त लाभांश का उपयोग नहीं कर सकती है।

(४) पूँजी बाजार व्यवसाय क्षेत्र के लिए उपयोगी है।

**प्र. ७. निम्नलिखित प्रश्नों को हल कीजिए ( कोई दो ) :** [ १० ]

(१) लाभांश का भुगतान लाभांश अधिपत्र द्‌वारा किए जाने की सूचना का अंशधारक को पत्र लिखिए।

(२) ऋणपत्रधारक को ऋणपत्र आबंटन किए जाने संबंधी पत्र लिखिए।

(३) निक्षेपकर्ता / जमाकर्ता को जमा के लिए धन्यवाद ज्ञापन का पत्र लिखिए।

**प्र. ८. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए ( कोई एक ) :** [ ८ ]

(१) पूर्वाधिकार अंश क्या हैं? उनकी विशेषताएँ स्पष्ट कीजिए।

(२) एक कंपनी के ऋणपत्रों के निर्गमन की प्रक्रिया / कार्यपद्‌धति स्पष्ट कीजिए।

◆◆◆